# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 19.11.2023**

**थाना बाबरी**

**थाना बाबरी पुलिस द्वारा बाबरी क्षेत्रान्तर्गत ट्यूबवैलों से हुई चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण कर 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से ट्यूबवैलों से चोरी किया हुआ सामान बरामदः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 09.10.2023 की रात्रि में ग्राम गोगवान जलालपुर में 07 लोगों की टयूबवैलों तथा दिनांक 09.10.2023 को ग्राम हिरणवाड़ा में 09 लोगों की ट्यूबवैलों से अज्ञात चोरों द्वारा कट आउट, केबिल, स्टार्टर आदि चोरी करने के संबंध में थाना बाबरी पर मु0अ0सं0 122/23 धारा 380,427,411 भादवि में पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण हेतु टीमें लगाई गयी थी। गठित टीमें अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु निरन्तर प्रयासरत थीं।

इसी क्रम में आज दिनांक 19.11.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी की घटनाओं का अनावरण एवं चोरी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा ट्यूबवैल/नलकूप से हुई चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण कर 01 चोर को चोरी किये हुए सामान (01 स्टार्टर, तांबा के तार, केबिल के टुकड़े, 01 प्लास, 04 चाबी) सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सावेज पुत्र प्रवेज निवासी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 122/23 धारा 380,427,411 भादवि थाना बाबरी जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी किया हुआ सामान (01 स्टार्टर, तांबा के तार, केबिल के टुकड़े, 01 प्लास, 04 चाबी)।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 श्री सुशील कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।

2.है0का0 अशोक कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।

3.है0का0 कपिल कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।



## थाना थानाभवन

**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत उ0प्रा0वि0 व बी0आर0सी0 कार्यालय जलालाबाद से हुई चोरी घटनाओं का सफल अनावरण कर 03 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी हुआ सामान पत्रावली, रजिस्टर आदि बरामदः-**

ज्ञात हो दिनाँक 18.11.2023 को उ0प्रा0वि0 जलालाबाद व बी0आर0सी0 कार्यालय जलालाबाद का ताला तोड़कर बी0आर0सी0 कार्यालय से अभिलेख (पत्रावली, रजिस्टर) व उ0प्रा0वि0 जलालाबाद से रिकॉर्ड रजिस्टर, फाइलें, शुल्क पंजिका, छात्र उपस्थिति पंजिका, अद्यापक उपस्थित पंजिका, विद्युत बल्व आदि को अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में भूपसिंह पुत्र खिलारी सिंह उ0प्रा0वि0 जलालाबाद द्वारा थाना थानाभवन पर लिखित तहरीर दाखिल की गई थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन कर थाना थानाभवन पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज आदि से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किये गये ।

इसी क्रम में आज दिनांक 19.11.2023 को को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी की घटनाओं का अनावरण एवं चोरी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा उ0प्रा0वि0 जलालाबाद व बी0आर0सी0 कार्यालय जलालाबाद थानाभवन से हुई चोरी घटनाओं का सफल अनावरण कर 03 चोरों को चोरी के सामान दस्तावेज, पत्रावली व मोटर, विद्युत केबिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.मुहसिर पुत्र इखलाक निवासी मोहल्ला मौहम्मदीगंज कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली ।
2.शेरखान पुत्र नफीस निवासी मोहल्ला अमानत अली कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली ।
3.आजम पुत्र अतीक निवासी मोहल्ला शाहगाजीपुरा कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली ।

**आपराधिक इतिहास उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.मु0अ0सं0 406/23 धारा 457/380/411 भादवि0 थाना थानाभवन जनपद शामली ।
2.मु0अ0सं0 407/2023 धारा 414 भादवि थाना थानाभवन जनपद शामली ।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी हुआ सामान 04 प्लास्टिक के कट्टों में बीआरसी कार्यालय/उ0प्रा0 विद्यालय के दस्तावेज, पत्रावली व 01 इन्टरनेट रिसीवर (संबन्धित मु0अ0सं0 406/23 धारा 457/380 भादवि)
2.चोरी हुआ सामान प्लास्टिक के 01 कट्टे में वाटर कूलर, मोटर व कटा हुआ बिजली का केबिल (सम्बन्धित मु0अ0सं0 407/23 धारा 414 भादवि थाना थानाभवन)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री लोगेश कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली ।
2.उ0नि0 श्री राजेन्द्र सिंह थाना थानाभवन जनपद शामली ।
3.उ0नि0 श्री लोगेश कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली ।
4.है0का0 दुर्गेश कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली ।
5.का0 शेखर सिंह थाना थानाभवन जनपद शामली ।



## थाना गढीपुख्ता

**थाना गढीपुख्ता पुलिस द्वारा 02 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुयी चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामदः-**

दिनांक 18.11.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना गढीपुख्ता पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान 02 वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। जिनके कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस रंग काला जिस पर फर्जी नम्बर प्लेट नम्बर UP11BP0221 लगी है, बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढीपुख्ता पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। बरामद मोटरसाईकिल के सम्बन्ध में अभियुक्तगण से पूछताछ की गयी तो बताया कि उक्त मोटरसाईकिल सहारनपुर से चोरी की थी तथा मोटरसाईकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चला रहे थे।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण :-**

1.शहजाद पुत्र अफलातून निवासी ग्राम पलठेडी थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

2.खुर्शीद उर्फ पहलवान पुत्र कीमा निवासी ग्राम पलठेडी थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी की स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल रजि0 नं- UP11BR3386

2.फर्जी नम्बर प्लेट रजि0 नं- UP11BP0221

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त शहजाद उपरोक्त**

1.मु0अ0स0 114/2023 धारा 323,504,506 भादवि थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

2.मु0अ0स0 116/2023 धारा 414/465/471 भादवि थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त खुर्शीद उपरोक्त**

1.मु0अ0सं0 14/2005 धारा 25 आयुध अधिनियम थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 208/16 धारा 147,148,149,323,325,354ख,452, 504,506 भादवि थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

3.मु0अ0स0 114/2023 धारा 323,504,506 भादवि थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

4.मु0अ0स0 116/2023 धारा 414,465,471 भादवि थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री विपिन कुमार थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

2.का0 जितेन्द्र सिंह थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

3.का0 गजेन्द्र यादव थाना गढीपुख्ता जनपद शामली



<u>थाना झिंझाना</u>

**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत जानलेवा हमले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त डण्डा बरामदः-**

आज दिनांक 19.11.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के मामले में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त डण्डा बरामद किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 10.11.2023 को वादी श्री शराफत पुत्र मूदा निवासी ग्राम मंसूरा थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा उसके भाई के साथ 04 अभियुक्तों द्वारा जान से मारने की नीयत से हमला कर गम्भीर रुप से घायल करने व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना झिंझाना पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गयी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.साबिर पुत्र जाकिर निवासी ग्राम मन्सूरा थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विरवणः-**

1.घटना में प्रयुक्त डण्डा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री सुदेश कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.है0का0 कपिल कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

4.का0 सौरभ कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा दहेज उत्पीडन एवं हत्या के प्रयास के मामले में 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 19.11.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा दहेज उत्पीडन एवं हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 02 अभियुक्त/अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के संबंध मे थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 02.07.2023 को झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत पीडिता द्वारा दहेज उत्पीडन व हत्या के प्रयास के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर लिखित तहरीर प्राप्त हुई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर 257/2023 धारा 498ए/323,307 भादवि0 व 3/4 दहेज प्रति0 अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता:-**

1.रजनी पत्नी दीपक निवासी ग्राम रामनगर थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.दीपक पुत्र सलेक निवासी ग्राम रामनगर थाना झिंझाना जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता:-**

मु0अ0स0 257/2023 धारा 498ए/323,307 भादवि0 व 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 थाना झिंझाना जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री सुदेश कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.उ0नि0 श्री सतीश कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

4.है0का0 कपिल कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

5.म0का0 रिंकी थाना झिंझाना जनपद शामली।

6.का0 सौरभ कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।



**जनपद पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 06 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी/वांछित अभियुक्त किये गिरफ्तारः-**

दिनांक 18/19.11.2023 की रात्रि को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 06 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी/वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के संबंध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.शकील पुत्र रहमतुल्ला निवासी ग्राम भैंसानी इस्लामपुर थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.अंकित पुत्र नरेश निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

3.शाहरुख पुत्र रुकमा निवासी ग्राम खेडी करमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली। (वांछित)

4.मुरसलीन पुत्र शरीक निवासी मौहल्ला अफगानान कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

5.उस्मान पुत्र अशरफ निवासी मौहल्ला गुम्बद कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

6.लेखराज उर्फ लेखा पुत्र चन्दूराम फौजी निवासी ग्राम बिडौली झीमरान थाना झिझाना जनपद शामली।